
# महोबा पुलिस



## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।



आज दिनांक- 31.08.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा उ0प्र0 पुलिस में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को पुष्पगुच्छ/मोमेन्टों प्रदान कर दी गई भावुक विदाई।

उ0प्र0 पुलिस में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों की यादगार विदाई हेतु आज दिनांकः- 31.08.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस लाइन अवस्थित सभाकक्ष में विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा उ0प्र0 पुलिस सेवा से अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को उनके परिवारीजनों की उपस्थिति में स्मृति चिन्ह, शॉल, उपहार व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया तथा पुलिस सेवा में रहते हुये उनके द्वारा की गयी विभिन्न सराहनीय सेवाओं को याद करते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य, सुखमय जीवन व उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाओं के साथ भावुक विदाई दी गयी।

**सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मी-**

1. उ0नि0 श्री शत्रुधन सिंह

उक्त विदाई समारोह के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे, प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवकुमार सिंह, पीआरओ पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शिवम पाण्डेय तथा जनपदीय पुलिस के अधि./कर्म.गण एवं अन्य सम्बन्धित पुलिसकर्मियों सहित उनके परिवारीजन उपस्थित रहे और सभी के द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस कर्मियों को ससम्मानपूर्वक विदाई दी गई।



## थाना महोबकंठ की पुलिस टीम ने 03 नफर वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 31.08.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अरुण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ श्री विनोद कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 149/2025 धारा 87/142/61(2) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त 1.इशरार पुत्र उस्मान खांन उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम इंगोहठा थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर 2.श्रीमती रन्नो पत्नी इमरान उम्र करीब 23 वर्ष 3.इमरान पुत्र नवाब खांन उम्र करीब 25 वर्ष निवासीगण ग्राम दिदवारा थाना महोबकंठ जनपद महोबा को गिरफ्तार कर पुलिस हिरासत में लेकर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित करते हुये अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. इशरार पुत्र उस्मान खांन उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम इंगोहठा थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर 2. रन्नो पत्नी इमरान उम्र करीब 23 वर्ष 3. इमरान पुत्र नवाब खांन उम्र करीब 25 वर्ष निवासीगण ग्राम दिदवारा थाना महोबकंठ जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 रामबाबू यादव
2. म0उ0नि0 दीक्षा
3. हे0कां0 दिनेश कुमार
4. हे0कां0 विनय कुमार सोमवंशी



# महोबा पुलिस



## थाना कुलपाहड़ की पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अवैध शस्त्र की रोकथाम एवं अवैध शस्त्र धारक अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी एवं बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड, श्री अरुण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड श्री राधेश्याम वर्मा द्वारा गठित टीम के उ0नि0 विकास तिवारी मय हमराह कां विक्की चौधरी व कां ओमप्रकाश शर्मा द्वारा आज दिनांक 31.08.2025 को बाघ विराजन मँदिर के पास से 01 नफर अभियुक्त आकाशदीप सेन पुत्र जगदीश प्रसाद उम्र 18 वर्ष निवासी मु0 समद नगर थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा को मय 01 अदद तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदगी/ गिरफ्तारी के आधार पर आकाशदीप सेन पुत्र जगदीश प्रसाद उम्र 18 वर्ष निवासी मु0 समद नगर थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा के विरुद्ध मु0अ0सं0 242/2025 धारा 3/25 आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई, बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

आकाशदीप सेन पुत्र जगदीश प्रसाद उम्र 18 वर्ष निवासी मु0 समद नगर थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा

### बरामद माल का विवरणः-

- 01 अदद तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

1.उ0नि0 विकास तिवारी
2.कां विक्की चौधरी
3.कां ओमप्रकाश शर्मा



## थाना कुलपहाड़ की पुलिस टीम ने 01 किलो 159 ग्राम अवैध सूखे गांजा के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं अवैध मादक पदार्थों के रोकथाम अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड, श्री अरुण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ श्री राधेश्याम वर्मा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने चेकिंग संदिग्ध व्यक्तियों / वांछित व वारन्टियों की तलाश के दौरान यात्री प्रतीक्षालय सिरमौर तिराहे से 01 किलो 159 ग्राम सूखा गांजा के साथ 01 नफर अभियुक्त अर्जुन पुत्र राजेन्द्र उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम सुगिरा थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी/माल बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 243/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया, बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार/ बरामदगी करने वाली पुलिस टीम –

1. SHO श्री राधेश्याम वर्मा
2. उ0नि0 श्रीकृष्ण वैश्य
3. का0 अजय कुमार
4. का0 दिनेश सिंह

### गिरफ्तार अभियुक्त-

अर्जुन पुत्र राजेन्द्र उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम सुगिरा थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा

### माल बरामदगी-

- 01 किलो 159 ग्राम सूखा गांजा नाजायज

